
# 8. चतुर्भुज

## प्रश्नावली 8.1

**Q1. एक चतुर्भुज के कोण 3 : 5 : 9 :13 के अनुपात में हैं | इस चतुर्भुज के सभी कोण ज्ञात कीजिए |**

**Solution:**

माना ∠A = 3x,




∠B = 5x,

∠C = 9x और

∠D = 13x,

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

∴∠A + ∠B + ∠C + ∠D = 360°

(किसी चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360 ° होता है )

⇒ 3x + 5x + 9x + 13x = 360°

⇒ 30x = 360°

$$x = \frac{360^0}{30} = 12^0$$

अत: सभी कोण

∠A = 3x = 3 × 12° = 36°

∠B = 5x = 5 × 12° = 60°


∠C = 9x = 9 × 12° = 108°

∠D = 13x = 13 × 12° = 156°

**Q2. यदि एक समांतर चतुर्भुज के विकर्ण बराबर हों, तो दर्शाइए कि वह एक आयत है |**

**Solution:**

**दिया है :** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है |




जिसके विकर्ण AC = BD है |

**सिद्ध करना है :** ABCD एक आयत है |

**प्रमाण :** ΔABD तथा ΔABC में

AD = BC (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा)

AB = AB (उभयनिष्ठ)

BD = AC (दिया है)

SSS सर्वांगसमता नियम से

**नोट:** CPCT का पूरा नाम

सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग बराबर होते हैं |

Corresponding Part of Congruent Triangles

ΔABD ≅ ΔABC

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

∴ ∠A = ∠B (By CPCT) …… (1)

चूँकि ABCD एक समांतर चतुर्भुज है |

∴ AD || BC और AB एक तिर्यक रेखा है |

अत: ∠A + ∠B = 180º  (अंत: आसन्न कोणों का योग)

⇒∠A + ∠A = 180º  ..समीo (1) से

⇒2∠A = 180º


⇒∠A = 90º

(वह समांतर चतुर्भुज जिसकी एक कोण समकोण हो आयत कहलाता है)

अत: ABCD एक आयत है | proved

**Q3. दर्शाइए कि यदि एक चतुर्भुज के विकर्ण परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करें, तो वह एक समचतुर्भुज होता है।**

**Solution:**




Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**दिया है :** ABCD एक चतुर्भुज है |

जिसके विकर्ण AC तथा BD एक दुसरे को बिंदु O

पर समद्विभाजित करते हैं | जहाँ ∠COD = 90º है

और AO = CO तथा BO = DO है |

**सिद्ध करना है :** ABCD एक आयत है |

**नोट:** कार्यकारी नियम:

(i) सबसे पहले इसको एक समांतर चतुर्भुज सिद्ध करेंगे फिर इसकी प्रत्येक भुजा को बराबर दिखायेंगे | जब यह समचतुर्भुज सिद्ध हो जायेगा |

ATP Help

**प्रमाण :** ΔAOB तथा ΔCOD में

AO = CO (दिया है)

BO = DO (दिया है)

∠AOB = ∠COD (शिर्षाभिमुख कोण)

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

ΔAOB ≅ ΔCOD

∴ AB = CD **(By CPCT)** …… (1)

तथा ∠BAO = ∠DCO (एकांतर कोण) **(By CPCT)**

∴ AB || CD ……… (2) (*एकांतर कोण बराबर हो तो रेखाएँ समांतर होती है*)

समी० (1) तथा (2) से

ABCD एक समांतर चतुर्भुज है |

(*यदि किसी चतुर्भुज की सम्मुख भुजाओं का एक युग्म बराबर एवं समान्तर हो तो वह समान्तर चतुर्भुज होता है* |)

∴ AD = BC ……….. (3) (*समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा बराबर होती है*)

अब ΔAOD तथा ΔCOD में

AO = CO (दिया है)

DO = DO (उभयनिष्ठ)

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur
DurgaTutorial.com

$\angle AOD = \angle COD$ (90º प्रत्येक)

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta AOD \cong \Delta COD$

$\therefore$ AD = CD **(By CPCT)** …… (4)

समीo (1), (3) तथा (4) से हम पाते हैं |


AB = BC = CD = AD

अत: ABCD एक समचतुर्भुज है | (**Proved**)

(वह समान्तर चतुर्भुज जिसकी प्रत्येक भुजा बराबर हो समचतुर्भुज होता है |)

**Q4. दर्शाइए कि एक वर्ग के विकर्ण बराबर होते हैं और परस्पर समकोण पर समद्विभाजित करते हैं |**

**Solution:**




Durga Tutorial
Since 1996
Baniapur
DurgaTutorial.com

**दिया है :** ABCD एक वर्ग है जिसके विकर्ण AC तथा BD एक

दुसरे को बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते है |

**सिद्ध करना है :**

(i) AO = CO तथा BO = DO

(ii) AOB = 90º

**प्रमाण :** $\Delta AOB$ तथा $\Delta COD$ में

AB = CD (वर्ग की भुजा)

$\angle BAO = \angle DCO$ (एकांतर कोण)

$\angle AOB = \angle COD$ (शिर्षाभिमुख कोण)

अत: ASA सर्वांगसमता नियम से

$\Delta AOB \cong \Delta COD$

$\therefore$ AO = CO तथा BO = DO **(By CPCT)** **........... (1)**

पुन: $\Delta AOB$ तथा $\Delta BOC$ में

AB = BC (वर्ग की भुजा)

BO = BO (उभयनिष्ठ)

AO = CO समीo (1) से

अत: SSS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta AOB \cong \Delta BOC$

अत: $\angle AOB = \angle COB$ **(By CPCT)** **........... (2)**

अब $\angle AOB + \angle COB = 180^\circ$ (रैखिक युग्म)

$\Rightarrow \angle AOB + \angle AOB = 180^\circ$ समी0 (2) से

$\Rightarrow 2\angle AOB = 180^\circ$


$\Rightarrow \angle AOB = 90^\circ$

Proved

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

**Q5. दर्शाइए कि यदि एक चतुर्भुज के विकर्ण बराबर हो और परस्पर समद्विभाजित करें, तो वह एक वर्ग होता है |**

**Solution:**




**दिया है :** ABCD एकचतुर्भुज है जिसमें विकर्ण AC = BD है और एक

दुसरे को बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते है | जहाँ AO = CO तथा BO = DO है |

**सिद्ध करना है :** ABCD एक वर्ग है |

**प्रमाण :** $\Delta AOB$ तथा $\Delta COD$ में

AO = CO (दिया है)

BO = DO (दिया है)

$\angle AOB = \angle COD$ (शिर्षाभिमुख कोण)

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta AOB \cong \Delta COD$

$\therefore$ AB = CD **(By CPCT)** …… (1)

तथा $\angle BAO = \angle DCO$ (एकांतर कोण) **(By CPCT)**

$\therefore$ AB || CD ......... (2) (*एकांतर कोण बराबर हो तो रेखाएँ समांतर होती है*)

समीo (1) तथा (2) से

ABCD एक समांतर चतुर्भुज है |

(*यदि किसी चतुर्भुज की सम्मुख भुजाओं का एक युग्म बराबर एवं समान्तर हो तो वह समान्तर चतुर्भुज होता है* |)

$\therefore$ AD = BC ........... (3) (*समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा बराबर होती है*)

अब $\Delta AOD$ तथा $\Delta COD$ में

AO = CO (दिया है)

DO = DO (उभयनिष्ठ)

$\angle AOD = \angle COD$ ($90^o$ प्रत्येक)

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta AOD \cong \Delta COD$

$\therefore$ AD = CD **(By CPCT)** …… (4)

समीo (1), (3) तथा (4) से हम पाते हैं |

AB = BC = CD = AD ........... (5)

Durga Tutorial Baniapur Since 1996
DurgaTutorial.com

अब, $\Delta ABD$ तथा $\Delta ABC$ में

AD = BC (वर्ग की सम्मुख भुजा)

AB = AB (उभयनिष्ठ)

BD = AC (दिया है)

SSS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta ABD \cong \Delta ABD$

$\therefore \angle A = \angle B$ (By CPCT) …… (6)

चूँकि ABCD एक वर्ग है |

$\therefore$ AD || BC और AB एक तिर्यक रेखा है |

अत: $\angle A + \angle B = 180^{o}$ (अंत: आसन्न कोणों का योग)

$\Rightarrow \angle A + \angle A = 180^{o}$ ..समीo (6) से

$\Rightarrow 2\angle A = 180^{o}$

$$\Rightarrow \angle A = \frac{180^{o}}{2} = 90^{o}$$

$\Rightarrow \angle A = 90^{o}$ .......... (7)

समीo (5) तथा (7) से स्पष्ट है कि

ABCD एक वर्ग है | Proved


**Q6. समांतर चतुर्भुज ABCD का विकर्ण AC कोण A को समद्विभाजित करता है | दर्शाइए कि**

**(i) यह $\angle C$ को भी समद्विभाजित करता है |**

**(ii) ABCD एक समचतुर्भुज है |**

**Solution:**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com




**दिया है :** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है जिसका

विकर्ण AC कोण A को समद्विभाजित करता है |

**सिद्ध करना है :**

(i) AC, ∠C को भी समद्विभाजित करता है |

(ii) ABCD एक समचतुर्भुज है |

**प्रमाण:**

(i)

ΔABC तथा ΔDAC में,

∠BAC = ∠BAC (दिया है)

∠B = ∠D (समांतर चतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते है )

Baniapur
DurgaTutorial.com

AC = AC (उभयनिष्ठ)

अत: ASA सर्वांगसमता नियम से

ΔABC ≅ ΔDAC

∴ ∠BCA = ∠DCA (**By CPCT**)

अत: विकर्ण AC, ∠C को समद्विभाजित करता है |

(ii)

पुन: AB = AD (**By CPCT**) ............................... (1)

चूँकि ABCD एक समांतर चतुर्भुज है |

∴ AB = CD (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा ) ......(2)

और

BC = AD (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा ) ......(3)


समीकरण (1), (2) तथा (3) से

AB = BC = CD = AD

अत: ABCD एक समचतुर्भुज है | (Proved)

**Q7. ABCD एक समचतुर्भुज है | दर्शाइए कि AC कोणों A और C दोनों को समद्विभाजित करता है तथा विकर्ण BD कोणों B तथा D दोनों को समद्विभाजित करता है |**

**Solution:**




**दिया है :** ABCD एक समचतुर्भुज चतुर्भुज है |

**सिद्ध करना है :**

(i) AC, ∠A तथा ∠C को भी समद्विभाजित करता है |

(ii) BD, ∠B तथा ∠D को भी समद्विभाजित करता है |

**प्रमाण:**

(i)

ΔABC तथा ΔADC में,

AB = AD (समचतुर्भुज की भुजाएँ)

∠B = ∠D (समचतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते है )

AC = AC (उभयनिष्ठ)

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

ΔABC ≅ ΔADC

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

∴ ∠BAC = ∠DAC (**By CPCT**) ................ (1)

∴ ∠BCA = ∠DCA (**By CPCT**) ................(2)

समी० (1) तथा (2) से

विकर्ण AC, ∠A तथा ∠C को समद्विभाजित करता है |

इसी प्रकार हम

(ii) BD, ∠B तथा ∠D को भी समद्विभाजित करता है |

को भी सिद्ध कर सकते हैं |


**Q8. ABCD एक आयत है जिसमें विकर्ण AC दोनों कोण A और C को समद्विभाजित करता है | दर्शाइए कि:**

**(i) ABCD एक वर्ग है |**

**(ii) विकर्ण BD दोनों कोण B और D को समद्विभाजित करता है**

**Solution:**

**दिया है:** ABCD एक आयत है जिसमें विकर्ण AC दोनों कोण A और C को समद्विभाजित करता है |




Durga Tutorial 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

**सिद्ध करना है :**

(i) ABCD एक वर्ग है |

(ii) विकर्ण BD दोनों कोण B और D को समद्विभाजित करता है |

**प्रमाण:**

(i) चूँकि ABCD एक आयत है |

∴ AB = CD .................. (1) आयत की सम्मुख भुजा

और AD = BC .................. (2) आयत की सम्मुख भुजा

अब, $\Delta ABC$ तथा $\Delta ACD$ में,

$\angle BAC = \angle DAC$ (दिया है ) चूँकि AC कोण A और C को समद्विभाजित करता है |

$AC = AC$ (उभयनिष्ठ)

$\angle B = \angle D$ (प्रत्येक $90^\circ$ ) आयत के कोण

A.A.S सर्वांगसमता नियम से

$\Delta ABC \cong \Delta ACD$

$\therefore AB = AD$ ..................... (3) (By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग)

समीकरण (1), (2) और (3) से

$AB = BC = CD = AD$

चूँकि ABCD एक आयत है और इसकी प्रत्येक भुजा बराबर भी है |

अत: ABCD एक वर्ग है | **Proved**

(ii) $\Delta ABD$ तथा $\Delta CBD$ में,

$AB = BC$ (वर्ग की भुजा)

$BD = BD$ (उभयनिष्ठ)

$\angle A = \angle C$ (प्रत्येक $90^\circ$ ) वर्ग के कोण

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com


S.A.S सर्वांगसमता नियम से

$\Delta ABD \cong \Delta CBD$

$\therefore \angle ABD = \angle CBD$
और $\angle ADB = \angle CDB$ } (By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग)

$\Delta$ $\angle$

**Q9. समांतर चतुर्भुज ABCD के विकर्ण BD पर दो बिंदु P और Q इस प्रकार स्थित हैं कि DP = BQ है। दर्शाइए कि**




**(i) Δ APD ≅ Δ CQB**

**(ii) AP = CQ**

**(iii) Δ AQB ≅ Δ CPD**

**(iv) AQ = CP**

**(v) APCQ एक समान्तर चतुर्भुज है |**

**Solution:**

**दिया है :** ABCD एक समांतर चतुर्भुज है और DP = BQ है |

**सिद्ध करना है :**


(i) Δ APD ≅ Δ CQB

(ii) AP = CQ

(iii) Δ AQB ≅ Δ CPD

(iv) AQ = CP

(v) APCQ एक समान्तर चतुर्भुज है |




**प्रणाम :**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

(i) $\Delta$ APD तथा $\Delta$ CQB में

AD = BC (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा)

DP = BQ (दिया है )

$\angle$ADP = $\angle$CBQ (एकांतर अत: कोण)

अत: S.A.S सर्वांगसमता नियम से

$\therefore$ $\Delta$ APD $\cong$ $\Delta$ CQB

(i) अत: AP = CQ ................... (1) (By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग)

(iii) $\Delta$ AQB तथा $\Delta$ CPD में

AB = DC (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा)

BQ = DP (दिया है )

$\angle$ABQ = $\angle$CDP (एकांतर अत: कोण)

अत: S.A.S सर्वांगसमता नियम से

$\therefore$ $\Delta$ AQB $\cong$ $\Delta$ CPD

(iv) अत: AQ = CP ................... (2) (By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग)


Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

(v) समी० (1) तथा (2) से

APCQ एक समान्तर चतुर्भुज है |

**Q10. ABCD एक समांतर चतुर्भज है तथा AP और CQ**

**शीर्षों A और C से विकर्ण BD पर क्रमशः लम्ब हैं।**




**दर्शाइए कि**

**(i) $\Delta$ APB $\cong$ $\Delta$ CQD**

**(ii) AP = CQ**

**Solution:**

**दिया है :** ABCD एक समांतर चतुर्भज है तथा AP और CQ

शीर्षों A और C से विकर्ण BD पर क्रमशः लम्ब हैं।

**सिद्ध करना है :**

(i) Δ APB ≅ Δ CQD

(ii) AP = CQ

**प्रमाण:**

(i) Δ APB तथा Δ CQD में,

AB = CD (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा)

∠ABP = ∠CDQ (एकांतर अत: कोण)


∠APB = ∠CQD (प्रत्येक 90º)

अत:, ASA सर्वांगसमता नियम से

Δ APB ≅ Δ CQD

(ii) इसलिए, AP = CQ (By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग)

**Q11. ΔABC और ΔDEF में, AB = DE, AB||DF, BC = EF और BC||EF है | शीर्षों A, B और C को क्रमश: शीर्षों D, E और F से जोड़ा जाता है | दर्शाइए कि**




**(i) चतुर्भुज ABED एक समांतर चतुर्भुज है।**

**(ii) चतुर्भुज  BEFC एक समांतर चतुर्भुज है।**

**(iii) AD || CF और AD = CF है|**

**(iv चतुर्भुज  ACFD एक समांतर चतुर्भुज है।**

**(v) AC = DF है |**

**(vi) Δ ABC ≅ Δ DEF है |**

**Solution:**

**दिया है :** ΔABC और ΔDEF में, AB = DE, AB||DF, BC = EF और BC||EF है |


**सिद्ध करना है :**

(i) चतुर्भुज  ABED एक समांतर चतुर्भुज है।

(ii) चतुर्भुज  BEFC एक समांतर चतुर्भुज है।

(iii) AD || CF और AD = CF है|

(iv चतुर्भुज  ACFD एक समांतर चतुर्भुज है।




(v) AC = DF है |

(vi) Δ ABC ≅ Δ DEF है |

**प्रमाण:**

(i) चतुर्भुज  ABED में

AB = DE और AB||DF दिया  है |

∴ चतुर्भुज  ABED एक समांतर चतुर्भुज है |

( यदि किसी चतुर्भुज की सम्मुख भुजाओं का एक युग्म बराबर और समांतर हो तो वह समांतर चतुर्भुज होता है )

अब, चूँकि ABED एक समांतर चतुर्भुज है |

∴ AD = BE और AD|| BE .........(1)

(समांतर चतुर्भुज की सम्मुख भुजा बराबर और समांतर होती है)

(ii) इसीप्रकार से, चतुर्भुज BEFC में

BC = EF और BC||EF दिया है |

∴चतुर्भुज BEFC एक समांतर चतुर्भुज है |

अत: CF = BE और CF||BE ........... (2) (समांतर चतुर्भुज की सम्मुख)

(iii) समीo (1) तथा (2) से

AD || CF और AD = CF है|

(चूँकि सम्मुख भुजाओं का एक युग्म बराबर और समांतर है)

∴चतुर्भुज ACFD एक समांतर चतुर्भुज है।

इसलिए, AC = DF और AC||DF .......... (3)

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

(vi) Δ ABC और Δ DEF में,

AB = DE (दिया है)


BC = EF (दिया है)

AC = DF (समीo 3 से)

S.S.S सर्वांगसमता नियम से

Δ ABC ≅ Δ DEF **Proved**

**Q12. ABCD एक समलम्ब है, जिसमें AB || DC और AD = BC है | दर्शाइए कि**



आकृति (i)

**(i) ∠ A = ∠ B**

**(ii) ∠ C = ∠ D**

**(iii) Δ ABC ≅ Δ BAD**


**(iv) विकर्ण AC = विकर्ण BD है |**

**Solution:**

**दिया है :** ABCD एक समलम्ब है,

जिसमें AB || DC और AD = BC है |

**सिद्ध करना है :**



आकृति (ii)

(i) ∠ A = ∠ B

(ii) ∠ C = ∠ D

(iii) Δ ABC ≅ Δ BAD

(iv) विकर्ण AC = विकर्ण BD है |

**रचना :** AD के समांतर CE खिंचा |

**प्रमाण:** AB || DC ...................... (1) दिया है |

AD || CE ...................... (2) रचना से

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

**[चूँकि सम्मुख भुजाओं का प्रत्येक युग्म समांतर हो तो वो समांतर चतुर्भुज होता है]** |]

समीकरण (1) तथा (2) से

AECD एक समांतर चतुर्भुज है |

∴ AD = CE .............. (3) **[समांतर चतुर्भुज AECD की सम्मुख भुजा]**

जबकि, AD = BC ................... (4) दिया है |

समी० (3) तथा (4) से

BC = CE

∴ ∠2 = ∠3 ............... (5) **(बराबर भुजाओं के सम्मुख कोण ... )**

AB || CD दिया है और BC एक तिर्यक रेखा है |

∴ ∠2 = ∠5 ............. (6) [अंत: एकांतर कोण]

समी० (5) तथा (6) से हमें प्राप्त होता है |

∠3 = ∠5 ................... (7)

अब DBEC में,

बहिष्कोंण ∠1 = ∠3 + ∠4

या ∠1 = ∠5 + ∠4 समी० (7) से

या ∠B = ∠ECD ............ (8)

चूँकि, AECD एक समांतर चतुर्भुज है |

∴ ∠A = ∠ECD ............... (9) **[समांतर चतुर्भुज के सम्मुख कोण]**

समी० (8) और (9) से

∠A = ∠B .........(10) Proved (i)

(ii) पुन:, ∠D = ∠E **[समांतर चतुर्भुज के सम्मुख कोण]**


या ∠D = ∠3 ......... (11)

समी० (7) और (11) से

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

$\angle D = \angle 5$

या $\angle D = \angle C$ proved(ii)




आकृति (ii)

(iii) $\Delta$ ABC और $\Delta$ BAD में

AD = BC (दिया है)

AB = AB (उभयनिष्ठ भुजा')

$\angle A = \angle B$ समी० (10) से

अत: SAS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta ABC \cong \Delta BAD$

(iv) विकर्ण AC = विकर्ण BD (**By CPCT /सर्वांगसम त्रिभुज के संगत भाग**)

Durga Tutorial
Baniapur


✲ ✱ ✫ - The End -✫ ✱ ✲

DurgaTutorial.com

# Exercise 8.2

Q1. ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें P, Q, R और S क्रमश: भुजाओं AB, BC, CD और DA के

मध्य-बिंदु हैं | AC उसका एक विकर्ण है | दर्शाइए कि



(i) SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC है |

(ii) PQ = SR है |

(iii) PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

**हल :**

**दिया है :** ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें P, Q, R और S क्रमश: भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु हैं |

**सिद्ध करना है :**

(i) SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC है |

(ii) PQ = SR है |

(iii) PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**प्रमाण :** त्रिभुज ADC में

AD तथा CD का मध्यबिंदु क्रमश: S तथा R है | **(दिया है )**

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय से

इसलिए, SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC ............... (i)

त्रिभुज ABC में,

AB तथा BC का मध्य-बिंदु P तथा Q है | **(दिया है )**

इसलिए मध्य-बिंदु प्रमेय से

PQ || AC और PQ = $\frac{1}{2}$ AC ............... (ii)

समीकरण (i) तथा (ii) से

SR || PQ और SR = PQ


अर्थात PQ = SR

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**(यदि किसी चतुर्भुज के सम्मुख भुजाओं के एक युग्म में से कोई भी एक युग्म बराबर और समान्तर हो तो वो समान्तर चतुर्भुज होता है)** .

इसलिए PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

**Q2. ABCD एक समचतुर्भुज है और P, Q, R और S क्रमशः भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु है। दर्शाइए कि चतुर्भुज PQRS एक आयत है।**



**हल :**

**दिया है :** ABCD एक समचतुर्भुज है और P, Q, R और S

क्रमशः भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु है।

**सिद्ध करना है :**

PQRS एक आयत है |

**प्रमाण :** त्रिभुज ADC में

AD तथा CD का मध्यबिंदु क्रमश: S तथा R है | **(दिया है )**

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय से

इसलिए, SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC ............... (i)

त्रिभुज ABC में,

AB तथा BC का मध्य-बिंदु P तथा Q है | (दिया है )


इसलिए मध्य-बिंदु प्रमेय से

PQ || AC और PQ = $\frac{1}{2}$ AC ............... (ii)

समीकरण (i) तथा (ii) से

SR || PQ और SR = PQ

**(यदि किसी चतुर्भुज के सम्मुख भुजाओं के एक युग्म में से कोई भी एक युग्म बराबर और समान्तर हो तो वो समान्तर चतुर्भुज होता है) .**




Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

इसलिए PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

चूँकि ABCD एक समचतुर्भुज है |

इसलिए, ∠AOD = 90 °

या  ∠MON = 90 °

(समचतुर्भुज के विकर्ण एक दुसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं !)

अब SR || AC और SP || BD है

तो SMON भी एक समान्तर चतुर्भुज है |

इसलिए ∠MSN = ∠MON = 90 ° (समांतर चतुर्भुज के सम्मुख कोण बराबर होते हैं)

या  ∠PSR = 90 °


अत: PQRS एक आयत है | **Proved**

**Q3. ABCD एक आयत है, जिसमें P, Q, R और S क्रमश: भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु हैं | दर्शाइए कि चतुर्भुज PQRS एक समचतुर्भुज है |**

**हल :**

**दिया है :** ABCD एक आयत है, जिसमें P, Q, R और S क्रमश: भुजाओं AB, BC, CD और DA के मध्य-बिंदु हैं |

DurgaTutorial.com




**सिद्ध करना है :**

PQRS एक समचतुर्भुज है |

**रचना :** A को C से मिलाया |

**प्रमाण :** त्रिभुज ADC में

AD तथा CD का मध्यबिंदु क्रमश: S तथा R है | **(दिया है )**

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय से

इसलिए, SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC ............... (i)

त्रिभुज ABC में,

AB तथा BC का मध्य-बिंदु P तथा Q है | **(दिया है )**

इसलिए मध्य-बिंदु प्रमेय से

PQ || AC और PQ = $\frac{1}{2}$ AC ............... (ii)


समीकरण (i) तथा (ii) से

SR || PQ और SR = PQ

**(यदि किसी चतुर्भुज के सम्मुख भुजाओं के एक युग्म में से कोई भी एक युग्म बराबर और समान्तर हो तो वो समान्तर चतुर्भुज होता है)** .

इसलिए PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com




अब, चूँकि ABCD एक आयत है |

इसलिए , AB || CD या SQ || CD ...(i)

(क्योंकि S तथा Q AD तथा BC के मध्य-बिंदु है |)

इसीप्रकार AD || PR ...... (ii)

अत: समीकरण (i) तथा (ii) से

DSOR एक समान्तर चतुर्भुज है |

इसलिए, $\angle SOR = \angle D$ (समान्तर चतुर्भुज कि सम्मुख भुजा)


जबकि, $\angle D = 90^{\circ}$ (आयत का प्रत्येक कोण)

इसलिए $\angle SOR = 90^{\circ}$

चूँकि PQRS एक समांतर चतुर्भुज है जिसके विकर्ण समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं |

अत: PQRS एक समचतुर्भुज है |
(वह समांतर चतुर्भुज जिसके विकर्ण समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं समचतुर्भुज कहलाता है |)

**Q4. ABCD एक समलंब है, जिसमें AB || DC है। साथ ही, BD एक विकर्ण है और E भुजा AD का मध्य-बिंदु है। E से होकर एक रेखा AB के समांतर खींची गई है, जो BC को F पर प्रतिच्छेद करती है । दर्शाइए कि F भुजा BC का मध्य-बिंदु है।**




Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**हल :**

**दिया है :** ABCD एक समलंब है, जिसमें AB || DC है।

साथ ही, BD एक विकर्ण है और E भुजा AD का

मध्य-बिंदु है। E से होकर एक रेखा AB के समांतर

खींची गई है, जो BC को F पर प्रतिच्छेद करती है ।

**सिद्ध करना है :** CF = BF

**रचना :** D को B से मिलाया जो EF को G पर प्रतिच्छेद करता है |

**प्रमाण :**

DABD में,

AB || EF ..... (i) (दिया है)

और E भुजा AD का मध्य-बिंदु है |

(किसी त्रिभुज की एक भुजा के मध्य-बिंदु से दूसरी भुजा के समांतर खिंची गई रेखा तीसरी भुजा को समद्विभाजित करती है)

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय 8.10 से

इसलिए बिंदु G भुजा BD का मध्य-बिंदु है | .... (i)

अब   AB || CD   ....... (ii) (दिया है)

समीकरण (i) तथा (ii) से

CD || EF और बिंदु G भुजा BD का मध्य-बिंदु है  [समीकरण (i) से]


अत: मध्य-बिंदु प्रमेय 8.10 से DBCD में

F भुजा BC का मध्य-बिंदु है |

इसलिए  CF = BF **proved**

Durga Tutorial
Baniapur
DurgaTutorial.com

**Q5. एक समांतर चतुर्भुज ABCD में E और F क्रमश: भुजाओं AB और CD के मध्य-बिंदु हैं | दर्शाइए कि रेखाखंड AF और EC विकर्ण BD को समत्रिभाजित करते हैं |**




**हल :**

**दिया है :** एक समांतर चतुर्भुज ABCD में E और F

क्रमश: भुजाओं AB और CD के मध्य-बिंदु हैं |

**सिद्ध करना है :** DP = PQ = QB

**प्रमाण :**

DABP में,

E भुजा AB का मध्य-बिंदु है और AF||EC दिया है |

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय 8.10 से

Q भुजा PB का मध्य-बिंदु है |

अत: PQ = QB .......... (i)

(किसी त्रिभुज की एक भुजा के मध्य-बिंदु से दूसरी भुजा के समांतर खिंची गई रेखा तीसरी भुजा को समद्विभाजित करती है)

अब, DCDQ में,

F भुजा CD का मध्य-बिंदु है और AF||EC दिया है |

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय 8.10 से

P भुजा DQ का मध्य-बिंदु है |


इसलिए, DP = PQ ........ (ii)

समीकरण (i) तथा (ii) से

DP = PQ = QB **Proved**

Durga Tutorial Since 1996 Baniapur DurgaTutorial.com

**Q6. दर्शाइए कि किसी चतुर्भुज की सम्मुख भुजाओं के मध्य-बिंदुओं को मिलाने वाले रेखाखंड परस्पर समद्विभाजित करते हैं।**




**हल :**

**दिया है :** ABCD एक चतुर्भुज है जिसके भुजाएँ

AB, BC, CD और DA का मध्य-बिंदु क्रमश:

P, Q, R और S है |

**सिद्ध करना है :** विकर्ण PR और SQ एक दुसरे को समद्विभाजित करते हैं |

**रचना :** P, Q, R और S को मिलाया और A को C से मिलाया |

**प्रमाण :** त्रिभुज ADC में

AD तथा CD का मध्यबिंदु क्रमश: S तथा R है | **(दिया है )**

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय से

इसलिए, SR || AC और SR = $\frac{1}{2}$ AC ............... (i)

त्रिभुज ABC में,

AB तथा BC का मध्य-बिंदु P तथा Q है | **(दिया है )**

इसलिए मध्य-बिंदु प्रमेय से

PQ || AC और PQ = $\frac{1}{2}$ AC ............... (ii)

Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

समीकरण (i) तथा (ii) से

SR || PQ और SR = PQ

अर्थात PQ = SR

**(यदि किसी चतुर्भुज के सम्मुख भुजाओं के एक युग्म में से कोई भी एक युग्म बराबर और समान्तर हो तो वो समान्तर चतुर्भुज होता है)** .

इसलिए PQRS एक समान्तर चतुर्भुज है |

अब चूँकि PQRS एक समांतर चतुर्भुज है तो इसके विकर्ण PR और SQ एक दुसरे को समद्विभाजित करते हैं |


(समांतर चतुर्भुज के विकर्ण एक दुसरे को समद्विभाजित करते है |)

**Q7. ABC एक त्रिभुज है जिसका कोण C समकोण है | कर्ण AB के मध्य-बिंदु M से होकर BC के समांतर खिंची गई रेखा AC को D पर प्रतिच्छेद करती है | दर्शाइए कि**

(i) D भुजा AC का मध्य-बिंदु है |

(ii) $MD \perp AC$ है |

(iii) $CM = MA = \frac{1}{2} AB$ है |




Durga Tutorial Baniapur DurgaTutorial.com

हल :

**दिया है :** ABC एक त्रिभुज है जिसका कोण C समकोण है | कर्ण AB के मध्य-बिंदु M से होकर BC के समांतर खिंची गई रेखा AC को D पर प्रतिच्छेद करती है |

**सिद्ध करना है :**

(i) D भुजा AC का मध्य-बिंदु है |

(ii) $MD \perp AC$ है |

(iii) $CM = MA = \frac{1}{2} AB$ है |

**प्रमाण :** (i) DABC में

M भुजा AB का मध्य-बिंदु है और MD || BC है |

अत: मध्य-बिंदु प्रमेय 8.10 से

(किसी त्रिभुज की एक भुजा के मध्य-बिंदु से दूसरी भुजा के समांतर खिंची गई रेखा तीसरी भुजा को समद्विभाजित करती है)

इसलिए, D भुजा AC का मध्य-बिंदु है |

अत: AD = CD ........ (i)

(ii) MD || BC दिया है और AC एक तिर्यक रेखा है |

Durga Tutorial
Since 1996
Baniapur
DurgaTutorial.com

इसलिए $\angle ADM = \angle ACB$ (संगत कोण)

या $\angle ADM =$ [चूँकि $\angle ACB = 90^\circ$ ]

अत: $MD \perp AC$ है |

(iii) $\Delta ADM$ तथा $\Delta CDM$ में

$AD = CD$ ........ समी० (i) से

$MD = MD$ (उभयनिष्ठ भुजा)

$\angle ADM = \angle CDM$ (प्रत्येक $90^\circ$)

SAS सर्वांगसमता नियम से

$\Delta ADM \cong \Delta CDM$

इसलिए, $MA = CM$ .... (ii) By CPCT नियम से

अब $MA + MB = AB$

या $MA + MA = AB$ [चूँकि $MA = MB$]

या $2\,MA = AB$

या $MA = \frac{1}{2} AB$

या $CM = MA = \frac{1}{2} AB$ समी० (ii) से

Durga Tutorial Baniapur
DurgaTutorial.com